रश 9.0: आईआईएम रांची का वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल उत्सव -2024

जुबिन की सुरीली आवाज पर थिरकते रहे युवा

जासं, रांची : आइआइएम रांची के प्रमुख वार्षिक सांस्कृतिक और खेल उत्सव रश 2024 का तीसरा और अंतिम दिन उत्सव और उमंग का माहौल में पूरा हुआ। प्रतिभागियों और दर्शकों ने शानदार प्रदर्शन और संगीत कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। एकल नृत्य और समूह नृत्य जैसी प्रतियोगिताओं के अलावे वालीबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट और फुटबाल जैसी खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले की भी घोषणा की गई।

इस कार्यक्रम में देश के लोकप्रिय पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल के संगीत कार्यक्रम में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गीत संगीत का दौर लगातार चलता रहा। लोग जुबिन के गाए गीत पर थिरकते नजर आए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत एकल नृत्य प्रतियोगिता बूगी वूगी से हुई। जहां विभिन्न कालेजों के प्रतिभाशाली नर्तकों ने अपनी चाल और नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने अपनी अभिव्यक्ति और ऊर्जा से दर्शकों का मनोरंजन किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता, फायर-फीट एन्सेम्बल ने कोरियोग्राफ किए गए रूटीन और फार्मेशन का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न कालेजों की टीमों को आकर्षित किया। खेल प्रतियोगिताएं भी उतनी ही रोमांचक थीं क्योंकि विभिन्न खेलों के फाइनलिस्टों ने गौरव और ट्राफी के लिए प्रतिस्पर्धा की। सभी टीमों ने अपने कौशल और रणनीतियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन जुबिन नौटियाल के संगीत कार्यक्रम के साथ हुआ। जिन्होंने अपने अद्भुत गीतों और संगीत से मंच पर धूम मचा दी। जुबिन नौटियाल के कुछ हिट ट्रैक और नई रिलीज गानों ने धूम मचा दी। जुबिन के भजन को हाल में पीएम ने ही साझा किया था। कांसर्ट कार्यक्रम में प्रतिभागियों और दर्शकों ने अपनी सफलता का जश्न मनाया और संगीत का आनंद लिया। आयोजकों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की बदौलत रश 2024 का समापन किया गया। उत्सव में छात्रों की प्रतिभा, जुनून और भावना का प्रदर्शन किया गया।



आइआइएम में आयोजित कार्यक्रम में अपनी आवाज का जादू बिखेरते गायक जुबीन नौटियाल।

Dainik Jagran_05.02.2024_Pg. 06

जुबीन नौटियाल ने आइआइएम रांची में जमाया रंग

यूथ फेस्ट 'रश 9.0' में बॉलीवुड सिंगर ने सबको थिरकाया

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

ये दुआ है मेरी रब से तुझे आशिकी में सबसे..., तो अंख लड़ जावे..., आंख उठी मोहब्बत ने अंगड़ाई ली... जैसे गानों से आइआइएम रांची परिसर रविवार को गूंज उठा. मंच पर बॉलीवुड सेलिब्रिटी सिंगर जुबीन नौटियाल थे. जुबीन के गाने युवाओं में जोश और उत्साह भर रहे थे. मौका था आइआइएम रांची के वार्षिक युवा महोत्सव 'रष 9.0' का. जुबीन नौटियाल ने समारोह की शुरुआत 'एक मुलाकात हो, तू मेरे साथ हो... जीने की वजह तुम बनो, तुम बनो...' गाने के साथ की. जैसे-जैसे शाम ढलती गयी, गाने का टेंपो बदलता गया. युवा जुबीन के साथ गाना गाते दिखे.

देर रात झूमते रहे विद्यार्थी

म्यूजिकल नाइट में एक वक्त ऐसा आया जब जुबीन ने विद्यार्थियों को अपने मोबाइल कैमरा के फ्लैश को ऑन करने को कहा. इसके बाद जुबीन में अपने सबसे फेमस सांग तेरे बिन न लेंगे एक भी दम, तुझे कितना चाहने लगे हम... की प्रस्तुति दी. गाने पर विद्यार्थियों का साथ मिला. जुबीन ने मौके पर तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा, सोलह सत्रह सितारे संग बांध लाऊंगा...., के राता लंबियां लंबियां रे..., दिल गलती कर बैठा है...., हम नवा मेरे, तू है तो मेरी सांस चले, बता दे कैसे मैं जिऊंगा तेरे बिना.... आदि गानों की प्रस्तुति दी.

वेबसाइट की हुई लांचिंग : रश 9.0 की सेलिब्रिटी नाइट से पूर्व आइआइएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने रश की वेबसाइट की लांचिंग की. सांस्कृतिक संध्या के दौरान बूगी–वूगी, सोलो डांस, फायर फीट, ग्रुप डांस जैसे आयोजन हुए. इसमें विद्यार्थियों ने डांस के विभिन्न स्टेज स्टाइल को पेश किया.

Prabhat Khabar_05.02.2024_Pg. 09

आईआईएम रांची : एनुअल फेस्ट में गायक जुबिन नौटियाल ने जादू बिखेरे

रांची| आईआईएम रांची में रविवार को एनुअल फेस्ट का अंतिम दिन था। इस अवसर पर रात के कार्यक्रम में देश के मशहूर गायक जुबिन नौटियाल पहुंचे। इस दौरान अपनी गायकी से लोगों को दीवाना बना दिया, जिसमें छात्र-छात्राएं झूमते नजर आए। नौटियाल ने राता लंबिया... किन्ना सोना.. हम्मा हम्मा... आदि गीत पेश किए। इससे पहले दिन भर विभिन्न प्रकार स्पोर्ट्स और कल्चरल प्रतियोगिताएं हुई। जिसमे आईआईएम रांची सहित दूसरे मैनेजमेंट संस्थानो के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया।

Dainik Bhaskar_05.02.2024_Pg. 05

सीयूजे के छात्रों को नाटक में दूसरा स्थान

रांची |आईआईएम रांची में आयोजित यूथ फेस्टिवल 'रस' में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के छात्रों ने ड्रामेबाज नामक नाटक कंपीटिशन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। नाटक का मंचन डिपार्टमेंट ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स और मास कॉम के छात्रों ने किया। जिसमें अमित कुमार, रिशु रोशन, उरुशा हसन, राहुल कुमार, स्तुति तिवारी, स्मृति मिश्रा, रिया राज शामिल हैं। जज के रूप में राजस्थान की कृष्ण देवासी, झारखंड के अशोक गोप और बिहार की साक्षी सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

Dainik Bhaskar_03.02.2024_Pg. 04